# कार्यालय निदेशक, माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान, बीकानेर

क्रमांकः–शिविरा–मा/संस्था/एफ–1/12102/शा.शि.ग्रेड–II व III/सी.भ./2013 दिनांक 25/11/2022

**जिला शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय),**
**माध्यमिक, बांसवाड़ा।**

विषयः– शारीरिक प्रशिक्षण अनुदेशक ग्रेड–II व III प्रतियोगी परीक्षा 2013 में राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर द्वारा शारीरिक प्रशिक्षण अनुदेशक ग्रेड–III के अन्तर्गत मुख्य सूची में चयनित एवं अभिस्तावित अभ्यर्थी मेघा शाह, रोल नम्बर 101197, के जिला आवंटन एवं नियुक्ति/पदस्थापन आदेश जारी किए जाने के संबंध में।

प्रसंगः– इस कार्यालय का समसंख्यक पत्र दिनांक 09.04.2016 एवं 03.06.2016

उपर्युक्त विषयान्तर्गत राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर द्वारा शारीरिक प्रशिक्षण अनुदेशक ग्रेड–II व III प्रतियोगी परीक्षा 2013 में शारीरिक प्रशिक्षण अनुदेशक ग्रेड–III की मुख्य सूची में चयनित एवं अभिस्तावित अभ्यर्थियों को इस कार्यालय के प्रासंगिक पत्रों द्वारा जिला आवंटन किया जाकर पदस्थापन हेतु आपके सुपूर्द किया गया।

उक्त क्रम में राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर के पत्र क्रमांक एफ–6(99)परीक्षा 'ग'/शा.प्र. अनुदेशक ग्रेड–II व III/2013/415 दिनांक 15.09.2022 द्वारा माननीय राजस्थान उच्च न्यायालय, जोधपुर द्वारा एस.बी. सिविल याचिका संख्या 11997/2015 मेघा शाह बनाम राजस्थान राज्य व अन्य में माननीय न्यायालय द्वारा पारित आदेश दिनांक 23.02.2018 की अनुपालना में शारीरिक प्रशिक्षण अनुदेशक ग्रेड–II व III प्रतियोगी परीक्षा 2013 के जारी परिणाम दिनांक 29.08.2022 के अन्तर्गत निम्नांकित अभ्यर्थी को शारीरिक प्रशिक्षण अनुदेशक ग्रेड–III की मुख्य मेरिट सूची में प्रतिस्थापित कर, पात्रता स्पष्ट कर पदस्थापन की अभिस्तावना इस कार्यालय को प्राप्त हुई है।

अतः निम्नांकित अभ्यर्थी का जिला आवंटन किया जाकर निर्देशित किया जाता है कि उक्त अभ्यर्थी को इस कार्यालय के प्रासंगिक पत्र एवं समय–समय पर जारी दिशा–निर्देशों एवं शर्तों के अध्यधीन काउंसलिंग दिनांक 30/11/2022 को आयोजित कर उसी दिन नियुक्ति आदेश जारी किये जावें तथा कार्यग्रहण की अन्तिम तिथि 2/12/2022 रखी जावें एवं जारी नियुक्ति आदेश की प्रति विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करवाकर प्रति संस्थापन एफ–अनुभाग की ई–मेल आई.डी. ad.esttf.dse@rajasthan.gov.in पर अनिवार्य रूप से भिजवाया जाना सुनिश्चित करावें।

| रोल न. | मेरिट न. | नाम अभ्यर्थी | पिता का नाम | जन्मतिथि | वर्ग | चयन वर्ग | | आवंटित जिला |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **101197** | **2321-1A** | **MEGHA SHAH** | **KUMARPAL SHAH** | **09-05-1984** | **GE,WE, TSP-UR** | **TGEF** | **--** | **BANSWARA** |

अभ्यर्थी द्वारा अपने काउंसलिंग/कार्यग्रहण के समय उपस्थित होने पर मूल दस्तावेजों से स्वप्रमाणित प्रतिलिपियों से मिलान कर लिया जावें। साथ ही आयोग द्वारा जारी उक्त परिणाम माननीय राजस्थान उच्च न्यायालय, जोधपुर द्वारा डी. बी. स्पेशल अपील संख्या 834/2019 में पारित होने वाले अंतिम निर्णय के अध्यधीन रहेगा।

उक्त अभ्यर्थियों के आवेदन पत्र लिए जाने हेतु आपके कार्यालय के संस्थापन लिपिक को निदेशालय के मुख्य प्रशासनिक भवन के कमरा नम्बर–11 में काउंसलिंग तिथि से पूर्व अनिवार्य रूप से भिजवाने की व्यवस्था करावें। शेष शर्ते पूर्व दिशा–निर्देशानुसार यथावत रहेगी।

**(गौरव अग्रवाल)**
आई.ए.एस.
निदेशक, माध्यमिक शिक्षा
राजस्थान, बीकानेर

प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः–

1. सचिव, राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर।
2. सिस्टम एनालिस्ट, कम्प्यूटर अनुभाग कार्यालय हाजा को प्रति भेजकर निर्देशित किया जाता है कि शारीरिक प्रशिक्षण अनुदेशक ग्रेड–II व III प्रतियोगी परीक्षा 2013 में शारीरिक प्रशिक्षण अनुदेशक ग्रेड–III के पद पर चयनित अभ्यर्थी के जिला आवंटन के आदेश विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करावें।
3. शाला दर्पण प्रभारी संस्थापन एफ अनुभाग को शाला दर्पण पोर्टल पर मेपिंग सम्बन्धी कार्यवाही हेतु।
4. संबंधित अभ्यर्थी................

संयुक्त निदेशक (प्रशिक्षण)